>

Title: Need to upgrade Himmatnagar-Vijayapur-Mehsana-Radhanpur State Highway in Rajasthan to the level of a National Highway.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा से निकलने वाला राजमार्ग हिम्मतनगर-विजयापुर-मेहसाणा-राधानपुर को राज्य राजमार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तन करना अति आवश्यक है क्योंक यह राजमार्ग उत्तर गुजरात के कई बड़े-बड़े शहरों को जोड़ता है और उत्तर गुजरात के आर्थिक विकास में यह सड़क बहुत ही मायने रखती है। अगर इस राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में घोषित कर दिया जाये तो इस क्षेत्र के पिछड़े इलाकों के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। इन क्षेत्रों में रेलवे एवं वायु सेवा का कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है। दूसरे राज्यों को आने-जाने वाले बड़े परिवहन एवं यातायात इस राजमार्ग से होकर गुजरता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तन करने की कृपा करें।